www.summerexpress.in

समर एक्सप्रेस

सूर्योदय सुबह 6:19 बजे
सूर्यास्त शाम 6:04 बजे

R.N.I NO. CHMUL/25/A1155

• साल-2 • अंक-27 • पृष्ठ-8 • मूल्य-5 रूपये • सोमवार, 5 अक्टूबर 2026 • चंडीगढ़ • पंजाब • हरियाणा • हिमाचल • ग्रुप एडिटर : अर्शदीप सिंह समर • एग्जीक्यूटिव एडिटर : नितिन उपमन्यु

न्यूज ब्रीफ

क्रिएटिव बेकर्स का लाइसेंस निलंबित

नई दिल्ली| भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण ने स्वच्छता मानकों के उल्लंघन पर पश्चिम बंगाल स्थित क्रिएटिव बेकर्स एंड कन्फेक्शनर्स का लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निरीक्षण में उत्पादन क्षेत्र में गंदगी, मकड़ी के जाले, मक्खियां और जंग लगी मशीनें मिलीं। कच्चा माल खुले में और गंदे कंटेनरों में रखा गया था। पानी व उत्पाद की जांच रिपोर्ट और तापमान निगरानी संबंधी रिकॉर्ड भी दुरुस्त नहीं मिले। कंपनी की खाद्य गतिविधियों पर रोक लगाई गई है। वहीं, गोवा से लिए गए एवरेस्ट के जीरा पाउडर के नमूने में एजोक्सीस्ट्रोबिन और थायमेथोक्सिम कीटनाशकों के अवशेष निर्धारित सीमा से अधिक पाए गए।

मथुरा मुद्दे पर देश व्यापी अभियान की घोषणा

लखनऊ | लखनऊ में आयोजित विश्व हिंदू रक्षा परिषद की धर्म संसद में श्रीकृष्ण जन्मभूमि से जुड़े मुद्दे पर देशव्यापी अभियान की घोषणा की गई। राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल राय ने बताया कि धर्म संसद में 12 प्रस्ताव पारित हुए। इनमें मथुरा में भव्य श्रीकृष्ण मंदिर निर्माण, 'ब्रज स्वाभिमान' अभियान और धर्मांतरण रोकने के लिए कॉल सेंटर स्थापित करने के प्रस्ताव शामिल हैं। परिषद ने 5 नवंबर से जनजागरण अभियान शुरू करने तथा 5 दिसंबर को मथुरा पहुंचकर ईदगाह परिसर में हनुमान चालीसा पाठ की योजना बताई है। राय ने कहा कि दूसरे पक्ष की सहमति से समाधान होने पर परिषद जमीन के बदले दस गुना तक जमीन देने को तैयार है।

भुज में हरित ऊर्जा उत्कृष्टता केंद्र शुरू

नई दिल्ली | अदाणी समूह की कौशल विकास इकाई अदाणी स्किल्स एंड एजुकेशन ने कच्छ विश्वविद्यालय के सहयोग से हरित ऊर्जा उत्कृष्टता केंद्र शुरू किया है। गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने रविवार को केंद्र का उद्घाटन किया। इस पहल का उद्देश्य नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र के लिए कुशल कार्यबल तैयार करना है। केंद्र में प्रतिवर्ष 10 हजार से अधिक छात्रों को नवीकरणीय ऊर्जा और औद्योगिक स्वचालन का प्रशिक्षण देने का लक्ष्य है। यहां सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा, मिश्रित ऊर्जा प्रणालियों, बैटरी ऊर्जा भंडारण और आधुनिक बिजली वितरण तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा।

सिटीजन रिपोर्टर

अब आप भी बन सकते हैं समर एक्सप्रेस के सिटीजन रिपोर्टर। अपने इलाके की कोई भी समस्या, आयोजन, जानकारी या खबर हमें भेजें। आपके नाम के साथ प्रकाशित की जाएगी। अपनी खबर इस फोन नंबर 8699221114 या ईमेल infosummerexpress@gmail.com पर भेजें।

BOOK YOUR ADVERTISEMENT

If you want to publish your advertisement on our newspaper

समर एक्सप्रेस

CONTACT:
+91 6283 860 059

इजराइली पीएम नेतन्याहू ने कैप्टन स्मित मच्छार को बताया 'दुनिया का हीरो'

पीएम मोदी के साथ इजराइल आने का न्योता, इजराइली स्वतंत्रता दिवस समारोह में दीप प्रज्ज्वलित करने के लिए आमंत्रण

समर न्यूज | नई दिल्ली

इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने दुबई से तेल अवीव जा रही फ्लायदुबई की उड़ान एफजेड1073 में गंभीर रूप से घायल होने के बावजूद विमान को संभावित हादसे से बचाने में अहम भूमिका निभाने वाले भारतीय पायलट कैप्टन स्मित मच्छार की बहादुरी की सराहना की है। नेतन्याहू ने फोन पर बातचीत के दौरान उन्हें इजराइल, भारत और पूरी दुनिया का 'हीरो' बताया।

नेतन्याहू ने कैप्टन स्मित मच्छार के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी इजराइल के अगले स्वतंत्रता दिवस समारोह में आमंत्रित किया है। उन्होंने स्मित को समारोह में प्रतीकात्मक ज्योति प्रज्ज्वलित करने का न्योता देते हुए कहा कि यह इजराइल में दिया जाने वाला बड़ा सम्मान है। 30 सितंबर को दुबई से तेल अवीव जा रही फ्लायदुबई की उड़ान में उस समय आपात स्थिति पैदा हो गई थी, जब कॉकपिट में सह-पायलट ने कथित तौर पर कैप्टन मच्छार पर हमला कर दिया। विमान में 174 यात्री सवार थे। गंभीर रूप से घायल होने के बावजूद मच्छर कॉकपिट का दरवाजा खोलने में सफल रहे, जिसके बाद यात्रियों और चालक दल के सदस्यों को अंदर पहुंचने और हमलावर को काबू करने का मौका मिला। दो अन्य पायलटों ने बाद में विमान को संभाला और सऊदी अरब के तबूक में सुरक्षित उतारा।

नेतन्याहू को बताई हमले की कहानी

फोन पर बातचीत के दौरान मच्छार ने बताया कि घटना से कुछ समय पहले सह-पायलट ने उनसे प्रार्थना करने की बात कही थी। सम्मान के कारण वह सामने की ओर देखने लगे। कुछ मिनट बाद उनके सिर के पीछे अचानक तेज वार हुआ। शुरुआत में उन्हें लगा कि विमान में कोई गंभीर तकनीकी खराबी हुई है, लेकिन लगातार हमले होने पर उन्हें एहसास हुआ कि हमला सह-पायलट कर रहा है। हमले के कारण उनकी नजर धुंधली हो गई थी और वह कॉकपिट के फर्श पर गिर गए। इसी दौरान उन्हें महसूस हुआ कि विमान तेजी से नीचे जा रहा है। मच्छर ने बताया कि उन्होंने अपनी बची हुई ताकत जुटाकर कॉकपिट का दरवाजा खोलने का अंतिम प्रयास किया। दरवाजा खुलते ही बाहर मौजूद लोगों ने अंदर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया।

नेतन्याहू ने मच्छार के साहस और संकट की स्थिति में उनके निर्णय की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्होंने न केवल यात्रियों की जान बचाई, बल्कि असाधारण बहादुरी का उदाहरण भी पेश किया।

कैप्टन स्मित का यूएई में चल रहा इलाज

कैप्टन मच्छार का फिलहाल संयुक्त अरब अमीरात में इलाज चल रहा है और भारतीय दूतावास के अनुसार उनकी हालत स्थिर है तथा वह स्वस्थ हो रहे हैं। मीडिया रिपोर्टों में सह-पायलट की पहचान ओमान के नागरिक हमाम अल-हमामी के रूप में की गई है। यूएई अधिकारियों ने घटना की जांच को आगे बढ़ाते हुए इसे कथित 'आतंकी कृत्य' का प्रयास बताया है, हालांकि हमले के मकसद और संभावित नेटवर्क की जांच अभी जारी है। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी अस्पताल में भर्ती कैप्टन मच्छार से बातचीत कर उनकी बहादुरी और सूझबूझ की प्रशंसा की थी।

भारत ने 85 पदक जीतकर हासिल किया चौथा स्थान

एशियन गेम्स 2026 का भव्य समापन 2030 के लिए कतर को सौंपी मेजबानी

एजेंसी | नागोया

जापान के नागोया स्थित मिजुहो पार्क एथलेटिक स्टेडियम में रविवार को एक भव्य और रंगारंग क्लोजिंग सेरेमनी के साथ एशियन गेम्स 2026 का समापन हो गया। समारोह की शुरुआत मेजबान जापान के राष्ट्रगान से हुई, जिसके बाद विभिन्न देशों के खिलाड़ियों की भव्य परेड निकाली गई। समापन समारोह में भारत की ओर से शूटिंग में दो स्वर्ण सहित कुल तीन पदक जीतने वालीं स्टार निशानेबाज नीरू ढांडा ने ध्वजवाहक की भूमिका निभाई और शान से तिरंगा लहराया। इस अवसर पर ओलंपिक काउंसिल ऑफ एशिया (ओसीए) का आधिकारिक ध्वज कतर को सौंपा गया, जो आगामी 21वें एशियन गेम्स की मेजबानी करेगा।

पदक तालिका की बात करें तो चीन ने एक बार फिर अपना दबदबा कायम रखते हुए कुल 341 पदकों (169 स्वर्ण, 89 रजत और 83 कांस्य) के साथ पहला स्थान हासिल किया। मेजबान जापान 269 पदकों (83 स्वर्ण, 95 रजत और 91 कांस्य) के साथ दूसरे और दक्षिण कोरिया 150 पदकों (39 स्वर्ण, 43 रजत और 68 कांस्य) के साथ तीसरे पायदान पर रहा। वहीं, उज्बेकिस्तान ने 70 पदकों के साथ पांचवां स्थान प्राप्त किया।

इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में भारत का प्रदर्शन अत्यंत सराहनीय रहा। भारतीय दल ने 21 स्वर्ण, 27 रजत और 37 कांस्य समेत कुल 85 पदक जीतकर अंक तालिका में चौथा स्थान प्राप्त किया। भारत के लिए तीरंदाजी (आर्चरी) में सर्वाधिक पांच स्वर्ण पदक आए, जबकि बॉक्सिंग में तीन और कुश्ती में दो स्वर्ण पदक मिले। टीम स्पर्धाओं में भारतीय पुरुष और महिला दोनों वर्गों की टीमों ने हॉकी, कबड्डी और क्रिकेट में शानदार खेल दिखाते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किए।

व्यक्तिगत स्पर्धाओं में गोल्फ खिलाड़ी प्रणवी उर्स ने इतिहास रचते हुए भारत के लिए महिला वर्ग का पहला व्यक्तिगत एशियन गेम्स गोल्ड मेडल जीता। इसके अलावा शूटिंग, एथलेटिक्स, वेटलिफ्टिंग, बैडमिंटन, स्क्वैश, रोइंग और टेबल टेनिस जैसे खेलों में भी भारतीय खिलाड़ियों ने कठिन चुनौतियों का सामना करते हुए देश की झोली में महत्वपूर्ण पदक डाले।

शाबाश! भारतीय मुक्केबाजों ने 3 गोल्ड समेत जीते 6 मेडल

नागोया एशियन गेम्स 2026 में भारतीय मुक्केबाजों ने 3 गोल्ड और 3 ब्रॉन्ज सहित कुल 6 मेडल जीतकर इतिहास रच दिया है। यह एशियाई खेलों में भारत का अब तक का सबसे सफल बॉक्सिंग अभियान रहा। लवलीना बोरगोहेन (75 किग्रा), परवीन हुड्डा (65 किग्रा) और अंकुश पंघाल (80 किग्रा) ने स्वर्ण पदक अपने नाम किए, जबकि कपिल पोखरिया (90 किग्रा), नरेंद्र बेरवाल (+90 किग्रा) और प्रिया घांघस (60 किग्रा) ने कांस्य पदक जीते।

हथियार-एक्सप्लोसिव सप्लाई नेटवर्क का अमृतसर में भंडाफोड़, एक गिरफ्तार

एके-47 राइफल, मैगजीन, जिंदा कारतूस और दो हैंड ग्रेनेड बरामद

एजेंसी | अमृतसर

अमृतसर ग्रामीण पुलिस ने रविवार को एक कथित अवैध हथियार और विस्फोटक सप्लाई नेटवर्क का पर्दाफाश करने का दावा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से एक ऐके-47 राइफल, एक मैगजीन, जिंदा कारतूस और दो हैंड ग्रेनेड बरामद किए हैं।

पंजाब के डीजीपी गौरव यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जानकारी साझा करते हुए कहा कि प्रारंभिक जांच में आरोपी के कथित तौर पर विदेश में बैठे तस्करों से जुड़े होने के संकेत मिले हैं। पुलिस के मुताबिक आरोपी अवैध हथियारों की खरीद और सप्लाई से जुड़े नेटवर्क का हिस्सा हो सकता है।

गिरफ्तार आरोपी की पहचान बब्बा, निवासी गांव चीमा खुर्द, जिला तरनतारन के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार अमृतसर ग्रामीण पुलिस द्वारा पिछले चार दिनों में यह दूसरी बड़ी कार्रवाई है, जिसमें असॉल्ट राइफल बरामद हुई है। इससे पहले 30 सितंबर को पुलिस ने एक अन्य मामले में एक ऐके-47, एक ऐके-56, चार मैगजीन, जिंदा कारतूस और 10 किलो से अधिक हेरोइन बरामद करने का दावा किया था। उस मामले में संदीप सिंह, उसकी पत्नी कमलजीत कौर और विक्रमजीत सिंह को गिरफ्तार किया गया था।

डीजीपी के मुताबिक ताजा मामले में घरिंडा पुलिस स्टेशन में आर्म्स एक्ट और एक्सप्लोसिव सब्सटेंस एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज की गई है।

पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि बरामद हथियार और ग्रेनेड कहां से लाए गए, इन्हें किसे सप्लाई किया जाना था और इस नेटवर्क में और कौन-कौन लोग शामिल हैं।

हवाई टिकट रिफंड बना यात्रियों की परेशानी

नई दिल्ली | हवाई टिकट रद्द होने के बाद रिफंड मिलने में देरी यात्रियों की प्रमुख शिकायतों में शामिल हो गई है। नागर विमानन मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, 10 दिसंबर 2025 से 1 मार्च 2026 के बीच हवाई सेवाओं से संबंधित कुल 28,029 शिकायतें दर्ज की गईं। इनमें 11,780 शिकायतें यानी करीब 42 प्रतिशत रिफंड और टिकट कैंसिलेशन से जुड़ी थीं। करीब 82 दिनों की इस अवधि में रिफंड को लेकर प्रतिदिन औसतन 144 शिकायतें सामने आईं। सरकार के मुताबिक, रिफंड संबंधी 11,780 शिकायतों में से 11,579 मामलों का समाधान किया गया। हालांकि, मंत्रालय के उपलब्ध रिकॉर्ड में यह जानकारी नहीं है कि इन शिकायतों में कुल कितनी राशि का रिफंड शामिल था या किसी एक समय एयरलाइंस के पास यात्रियों की कितनी रकम लंबित थी। आंकड़ों के अनुसार, रिफंड से जुड़ी कुल शिकायतों में 65 प्रतिशत से अधिक मामले बजट एयरलाइंस के खिलाफ दर्ज हुए। रिफंड शिकायतों का अनुपात भी हाल के वर्षों में बढ़ा है। वर्ष 2023 में यह 34.3 प्रतिशत, 2024 में 27.9 प्रतिशत और 2025 में 37.2 प्रतिशत था। वहीं दिसंबर 2025 से मार्च 2026 की अवधि में यह बढ़कर 42 प्रतिशत से अधिक हो गया। इसी अवधि में 5,959 शिकायतें उड़ानों में देरी, 3,785 बैगेज और 6,505 शिकायतें अन्य सेवाओं से संबंधित दर्ज की गईं।

राज ठाकरे ने ईवीएम की जगह बैलेट पेपर से चुनाव कराने की मांग उठाई

मुंबई में सीईसी ज्ञानेश कुमार के खिलाफ उद्धव-राज ठाकरे का 'विराट गर्जना मोर्चा'

समर न्यूज | मुंबई

महाराष्ट्र में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर रविवार को मुंबई में बड़ा विपक्षी प्रदर्शन हुआ। शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे और महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना प्रमुख राज ठाकरे ने संयुक्त रूप से 'विराट गर्जना मोर्चा' का नेतृत्व किया। कांग्रेस और शरद पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी (एसपी) के कई वरिष्ठ नेता भी इसमें शामिल हुए।

रैली को संबोधित करते हुए उद्धव ठाकरे ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि वह भाजपा के "हथियार" के रूप में काम कर रहे हैं। उन्होंने एसआईआर प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए कहा कि यदि इसका उद्देश्य मतदाता सूची से अवैध बांग्लादेशी नागरिकों को हटाना है, तो सरकार को यह बताना चाहिए कि अब तक ऐसे कितने लोगों की पहचान की गई है। ये आरोप उद्धव ठाकरे के राजनीतिक बयान हैं और चुनाव आयोग ने इन्हें स्वीकार नहीं किया है।

राज ठाकरे ने महाराष्ट्र में चल रही एसआईआर प्रक्रिया को पूरी तरह रद्द करने की मांग की। उन्होंने भविष्य के चुनाव इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों के बजाय बैलेट पेपर से कराने की भी वकालत की। विपक्षी नेताओं ने आरोप लगाया कि मतदाता सूची पुनरीक्षण प्रक्रिया में पारदर्शिता और प्रक्रिया को लेकर गंभीर सवाल हैं।

मोर्चा दक्षिण मुंबई में मेट्रो सिनेमा क्षेत्र से शुरू होकर बृहन्मुंबई महानगरपालिका मुख्यालय तक पहुंचा। आयोजकों ने प्रदर्शन में राजनीतिक दलों के झंडे नहीं लाने और केवल तिरंगा लेकर शामिल होने की अपील की थी।

कांग्रेस नेता बालासाहेब थोराट ने भी चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली और सीईसी की नियुक्ति प्रक्रिया पर सवाल उठाए। उन्होंने राहुल गांधी द्वारा पहले उठाए गए कथित 'वोट चोरी' के आरोपों का जिक्र किया।एनसीपी (एसपी) के नेता भी प्रदर्शन में मौजूद रहे।

दूसरी ओर, चुनाव आयोग का कहना है कि SIR का उद्देश्य मतदाता सूचियों को अधिक सटीक बनाना और सभी पात्र भारतीय नागरिकों के नाम सुनिश्चित करना है। आयोग ने हाल में आंतरिक मतभेदों से जुड़ी खबरों पर कहा था कि निर्णय सामूहिक रूप से लिए गए हैं और अलग-अलग विचार निर्णय प्रक्रिया का हिस्सा होते हैं।

महाराष्ट्र में एसआईआर को लेकर राजनीतिक विवाद लगातार बढ़ रहा है और इसके खिलाफ कानूनी चुनौतियां भी सामने आई हैं।

ज्ञानेश कुमार से जुड़े 2006 के मामले में केरल सरकार ने दिए विजिलेंस जांच के आदेश

तिरुवनंतपुरम। केरल के गृह मंत्री रमेश चेन्नितला ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार से जुड़े वर्ष 2006 के एक पुराने मामले में विजिलेंस एंड एंटी करप्शन ब्यूरो को जांच के आदेश दिए हैं। मामला केरल स्टेट ट्रांसपोर्ट प्रोजेक्ट के तहत सड़क निर्माण कार्य में कथित अनियमितताओं और इस परियोजना से जुड़े मलेशियाई इंजीनियर की मौत से संबंधित है। उस समय ज्ञानेश कुमार केरल में पीडब्ल्यूडी सचिव के पद पर तैनात थे। यह कार्रवाई मलयिनकीझु वेणुगोपाल की शिकायत के बाद की गई है। चेन्नितला ने कहा कि शिकायत की प्रारंभिक समीक्षा में आरोपों की विस्तृत जांच जरूरी लगी। उन्होंने मुख्यमंत्री वीडी सतीशन से चर्चा के बाद विजिलेंस निदेशक मनोज अब्राहम को कानून के अनुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए। मामला वर्ष 2006 में विश्व बैंक की सहायता से शुरू की गई करीब 215 करोड़ की एससी रोड पुनर्निर्माण परियोजना से जुड़ा है।

पेज 1 एंकर स्टोरी | **बीएसएफ के मुताबिक ड्रोन और सीमा पार नेटवर्क अब भी बड़ी चुनौती**

पंजाब सीमा पर इस साल 850 किलो से अधिक हेरोइन बरामद

एजेंसी | चंडीगढ़

पंजाब से लगती भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा पर इस वर्ष नशीले पदार्थों की बरामदगी में तेज बढ़ोतरी दर्ज की गई है। सीमा सुरक्षा बल के अनुसार अब तक 850 किलो से अधिक हेरोइन जब्त की जा चुकी है। यह आंकड़ा 2025 में बरामद 415 किलो हेरोइन से दोगुने से अधिक और 2024 में बरामद 283 किलो के मुकाबले लगभग तीन गुना है।

हेरोइन के अलावा बीएसएफ ने इस वर्ष करीब 14 किलो आईसीई यानी क्रिस्टल मेथामफेटामाइन और 44 किलो अफीम भी बरामद की है। वर्ष 2025 में 21 किलो आईसीई पकड़ी गई थी, जबकि 2024 में इसकी बरामदगी केवल 1.4 किलो रही थी। वहीं अफीम की बरामदगी 2024 के 16 किलो और 2025 के 12 किलो से बढ़कर इस साल 44 किलो तक पहुंच गई है।

सीमा पार से अत्याधुनिक हथियारों की तस्करी में भी लगातार बढ़ोतरी सामने आई है। BSF ने इस वर्ष असॉल्ट राइफलों समेत 261 हथियार बरामद किए हैं। इसके मुकाबले 2025 में करीब 200 और 2024 में केवल 36 हथियार बरामद हुए थे। हथियारों की मैगजीन की बरामदगी भी तेजी से बढ़ी है। इस साल 390 मैगजीन पकड़ी गईं, जबकि 2025 में यह संख्या 286 और 2024 में 47 थी। पंजाब पुलिस अधिकारियों के अनुसार, सीमा पार से भेजी जाने वाली इन खेपों को पंजाब और अन्य राज्यों में सक्रिय कथित आतंकी मॉड्यूल, गैंग नेटवर्क और आपराधिक गिरोहों तक पहुंचाने की कोशिश की जाती है।

बीएसएफ पंजाब फ्रंटियर के आईजी अतुल फुलजेले ने कहा कि तस्करी नेटवर्क ने इस साल अपने तौर-तरीकों में बदलाव किया है, जिसके बाद सुरक्षा एजेंसियों को भी अपनी रणनीति में बदलाव करना पड़ा।

उन्होंने बताया कि सीमा क्षेत्र में खुफिया जानकारी आधारित संयुक्त ऑपरेशन बढ़ाए गए हैं और अंतरराष्ट्रीय सीमा से 5 से 8 किलोमीटर अंदर तक निगरानी और कार्रवाई का दायरा विस्तृत किया गया है।

उन्होंने कहा कि काउंटर-ड्रोन क्षमता मजबूत की गई है, पंजाब पुलिस ने भी एंटी-ड्रोन सिस्टम तैनात किए हैं और गांव रक्षा समितियों की मदद से मानवीय खुफिया नेटवर्क विकसित किया जा रहा है। पंजाब पुलिस और नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के साथ समन्वय भी बढ़ाया गया है।

फुलजेले के अनुसार अमृतसर और तरनतारन अभी भी सीमा पार तस्करी के प्रमुख रास्ते बने हुए हैं, जबकि हाल के महीनों में फिरोजपुर सेक्टर में भी बड़ी बरामदगियों में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है।

चर्चा में बघेल का 'गुड्डा-गुड़िया' बयान, चन्नी के बेटे की पोस्ट ने खींचा ध्यान

जुलाई में चन्नी खेमे ने राजा वड़िंग को हटाने की उठाई थी मांग

समर न्यूज | चंडीगढ़

पंजाब कांग्रेस में महीनों चली अंदरूनी खींचतान के बाद अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग की प्रदेश अध्यक्ष पद से विदाई और परगट सिंह की नियुक्ति के बीच पूर्व पंजाब प्रभारी भूपेश बघेल का जुलाई में दिया गया 'गुड्डा-गुड़िया' वाला बयान एक बार फिर चर्चा में आ गया है। इस बीच पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी के बेटे रिधमजीत की एक सोशल मीडिया पोस्ट को भी इसी राजनीतिक घटनाक्रम से जोड़कर देखा जा रहा है, हालांकि उन्होंने पोस्ट का आशय स्पष्ट नहीं किया है। जुलाई में पंजाब कांग्रेस के एक धड़े ने वड़िंग को प्रदेश अध्यक्ष पद से हटाने की मांग तेज कर दी थी। पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी के साथ कई मौजूदा और पूर्व विधायक तथा वरिष्ठ नेता इस मुद्दे को तत्कालीन पंजाब प्रभारी भूपेश बघेल के सामने उठा चुके थे। 11 जुलाई को चंडीगढ़ में हुई बैठक में 90 से अधिक नेताओं ने अपनी बात बघेल के सामने रखी थी। इससे पहले नेतृत्व परिवर्तन से जुड़े सवाल पर बघेल ने साफ कहा था कि हाईकमान का निर्णय बार-बार नहीं बदला जा सकता। उन्होंने टिप्पणी की थी, "क्या यह कोई गुड्डा-गुड़िया का खेल है कि बार-बार निर्णय बदल दिया जाए?" अब वड़िंग के पद छोड़ने के बाद चन्नी के बेटे रिधमजीत ने सोशल मीडिया पर अपने पिता की तस्वीर के साथ "गुड्डा गुड्डी ओह जांदे" लिखी रील साझा की। राजनीतिक हलकों में इसे बघेल की पुरानी टिप्पणी पर तंज के तौर पर देखा जा रहा है।